





## एक नजर में

### अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण महासभा निर्वाचन 2025

**मंडलेश्वर निप्र।** देश भर में फैले नार्मदीय ब्राह्मण समाज के संगठन अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण महासभा के लिए 21 दिसंबर को उज्जैन मध्य प्रदेश में होने वाले चुनाव के लिए मंडलेश्वर इकाई की ओर से श्रीमती शीतल मनीष डोंगरे राष्ट्रीय महिला महासभा की उम्मीदवार घोषित की गई है ।अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण महासभा संगठन मंडलेश्वर इकाई द्वारा शुक्रवार की सुबह रामघाट स्थित नर्मदा तट संकल्प पत्र विमोचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया ।जहां पर महिला महासभा प्रत्याशी श्रीमती शीतल मनीष डोंगरे ने नर्मदा जी का दुग्धाभिषेक कर चुनर अर्पित की ।पंडित केदार नाथ शुक्ला और पंडित सिद्धनाथ उपाध्याय ने पूजन करवाया ।उसके बाद नर्मदा अष्टक का सामूहिक पाठ कर महाआरती की गई ।महिला महासभा प्रत्याशी ने मां नर्मदा को अपना संकल्प पत्र अर्पित करने के बाद उसका विमोचन समाज के वरिष्ठ जनों के साथ किया।

**राष्ट्रीय महासभा में मंडलेश्वर के पांच लोग रह चुके पदाधिकारी:-** अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण महासभा में मंडलेश्वर नगर के पांच समाज जन अपनी सेवा दे चुके है इनमें राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर श्री बाबूराव पटवारी और डॉ रमेश चंद्र डोंगरे, महिला महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर श्रीमती कुसुमलता शर्मा रह चुकी है महासभा के युवा संगठन के



राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर रमेशचंद उपाध्याय और विश्वदीप मोयदे भी कार्य कर चुके है ।अब नगर की एक सशक्त नारी शीतल मनीष डोंगरे एक मजबूत प्रत्याशी है जिनके समर्थन में महिला महासभा की पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती कलावती शर्मा ने अपना नामांकन वापस लिया लिया है जिससे शीतल डोंगरे की जीत पक्की मानी जा रही है।

**नार्मदीय ब्राह्मण महासभा का संगठन :-** देश के विभिन्न राज्यों और दुनिया के हर कोने में कार्यरत नार्मदीय ब्राह्मण समाज का संगठन अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण महासभा में मध्यम से संगठित है ।जिसकी कुल 48 इकाईयां है जिनमें 47 इकाई देश के विभिन्न राज्यों में और 1 इकाई विदेशो में बसे प्रवासी भारतीयों का प्रतिनिधित्व करती है।प्रत्येक तीन वर्ष में इसके संगठनात्मक चुनाव होते है जिसमें 48 इकाइयों से प्रतिनिधि मतदान कर तीन प्रमुख पदाधिकारियों का चुनाव करते है ।प्रमुख पद अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष है दूसरा इसकी महिला महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष का है और तीसरा पद राष्ट्रीय युवा महासभा का है ।प्रत्येक इकाई से चार मतदाता राष्ट्रीय महासभा के लिए दो महिला सभा के लिए मतदाता और युवा महासभा के लिए दो युवा मतदाता मतदान करते है इसके अलावा महासभा के पूर्व पदाधिकारी भी मतदाता होते है।

### सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय मंडलेश्वर में संविधान दिवस मनाया

**मंडलेश्वर निप्र।** 26 नवंबर 1949 को भारत की संविधान सभा ने संविधान को



विधिवत रूप से अपनाया था। यह दिन देश के लोकतांत्रिक ढांचे की नींव रखने और सभी नागरिकों के लिए न्याय, स्वतंत्रता और समानता सुनिश्चित करने के महत्व को याद दिलाता है। महाविद्यालय संचालक बी.एम. पाटीदार ने उपस्थित सभी को संविधान दिवस की शुभकामनायें देते हुए संविधान दिवस का महत्व सभी को बताया ।अकादमिक संचालक संजय गर्ग ने संविधान को भारत की सर्वोच्च शक्ति बताते हुए कहा कि संविधान भारत को भारत बना कर रखता है। संविधान के दायरे में सभी आते हैं, संविधान के ऊपर कोई शक्ति नहीं है। कॉमर्स विभाग के प्रमुख प्रो. हरिवल्लभ शास्त्री ने बताया कि भारत का संविधान लिखित रूप में विश्व का सबसे बड़ा संविधान है। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. राजू काले ने संविधान के संशोधन और संविधान की यात्रा को उद्धृत किया। प्रो. शिवपाल सिंह पटेल ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया और संविधान के निर्माण और अंगीकार करने में अन्य सभी के साथ-साथ डॉ भीमरावजी अंबेडकर की महत्वपूर्ण भूमिका और योगदान को बताया ।इस अवसर पर प्रो. अंकित चौरे के साथ सभी प्राध्यापक एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कसरावद निप्र।** म.प्र. पुलिस मुख्यालय की महिला सुरक्षा शाखा द्वारा संचालित विशेष ऑपरेशन मुस्कान अभियान (दिनांक 01.11.25 से 30.11.25 तक)



प्रदेशभर में नाबालिग बालकों एवं बालिकाओं की सुरक्षा और गुमशुदगी से संबंधित मामलों में त्वरित कार्यवाही कर दस्ययाबी हेतु चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन (ग्रामीण) श्री अनुराग जी द्वारा नाबालिग बालकों और बालिकाओं को दस्तयाब करने एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे।जिसके परिपालन में पुलिस अधीक्षक जिला खरगोन श्री रविन्द्र वर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रा.) श्रीमति शकुंतला रुहल के द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारियों को ऑपरेशन मुस्कान विशेष अभियान में नाबालिग बालकों और बालिकाओं को दस्तयाब करने एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे। प्राप्त निर्देशों के पालन में एसडीओपी मंडलेश्वर सुश्री श्वेता शुक्ला के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कसरावद निरीक्षक राजेन्द्र बर्मन के नेतृत्व में पैरामाउण्ट स्कूल कसरावद में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक व शिक्षिका, अन्य स्टॉफ एवं लगभग 180-200 छात्राऐं उपस्थित रहीं।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को 'गुड टच-बैड टच', सायबर अपराध, महिला अपराध, बाल विवाह, दहेज प्रताड़ना, पॉक्सो एक्ट संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई।बच्चों को बताया गया कि यदि वे किसी प्रकार के दुर्व्यवहार या असुरक्षित स्थिति का सामना करते हैं, तो उन्हें तत्काल अपने नजदीकी थाना या संबंधित अधिकारी को सूचित करना चाहिए साथ ही पुलिस हेल्पलाईन 112, सायबर हेल्पलाईन 1930, महिला हेल्पलाईन 1090 एवं चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 के उपयोग के संबंध में बताया गया बाद इस प्रकार के अपराधों से बचने के लिए बच्चों को सतर्क और जागरूक रहने की आवश्यकता है।इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नाबालिगों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर नियंत्रण पाना और गुमशुदा नाबालिग बालकों और बालिकाओं को समय पर सुरक्षित रूप से दस्तयाब करना है।

### बैंक प्रबंधक के व्यवहार से ग्राहक नाराज

**बड़वाह निप्र।** पंजाब नेशनल बैंक की बड़वाह शाखा इन दिनों ग्राहक सेवा की लापरवाही और शाखा प्रबंधक के अभद्र व्यवहार को लेकर गंभीर सवालों के घेरे में है।स्थानीय निवासी हेमंत जायसवाल अपनी नाबालिग बेटी के खाते का एटीएम पिन बनवाने के लिए पिछले एक महीने से बैंक का चक्कर काट रहे हैं, लेकिन समस्या का समाधान दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा।जायसवाल ने बताया कि एटीएम कार्ड मिले काफी समय बीत चुका है, पर पिन जनरेट नहीं हो पा रहा।काउंटर कर्मचारी हर बार विनम्रता से उन्हें मैनेजर के पास भेजते हैं, यह कहते हुए कि मामला अब उनकी क्षमता से बाहर है।लेकिन जैसे ही वे शाखा प्रबंधक सुमित गुप्ता के पास पहुँचे और कहा:- 'सर, मेरी एक समस्या है। तो मैनेजर ने बिना सुने ही उन्हें बैठने को कह दिया और मोबाइल व कंप्यूटर पर अपना ऑनलाइन कार्य करते रहे। काफी देर बैठाए रखने के बाद जब जायसवाल ने दोबारा निवेदन किया, तब प्रबंधक ने चिड़चिड़े स्वर में कहा:- 'तुम्हें समझ आती है? मैं मैनेजर हूँ... जाकर काउंटर पर पूछो, मुझे काम करने दो!' PNB शाखा प्रबंधक का यह रवैया ग्राहक सेवा मानकों के विपरीत माना जा रहा है।काउंटर कर्मचारी सहयोगी दिखे, पर अंतिम निर्णय मैनेजर के हाथ में होने के कारण ग्राहक की समस्या हल नहीं हो सकी। 'यदि बैंक मैनेजर ही इस तरह का व्यवहार करेंगे, तो आम जनता किस भरोसे बैंक में आएगी। लोगों में नाराज़गी इतनी बढ़ गई है कि वे तंज कसते हुए कह रहे हैं। 'बैंक में काम करवाओ या मैनेजर का गुस्सा झेलो...दोनों में से कौन आसान है, समझ नहीं आता!' ग्राहकों का स्पष्ट मत है कि विभाग को ऐसे अधिकारियों पर तत्काल और कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। ताकि एक साधारण एटीएम पिन जैसी सेवा के लिए किसी को महीनों परेशान न होना पड़े।

# सांसद डॉ . सोलंकी ने किया खेल महोत्सव का शुभारंभ

**राज्यसभा सांसद डॉ सोलंकी ने कसरावद विकासखंड में सांसद खेल महोत्सव का किया शुभारंभ**

**देवदत्त एक्कल**

**कसरावद।** राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने आज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में कसरावद विकासखंड स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद डॉ. सोलंकी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में फिट इंडिया अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से पूरे देश में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में खरगोन जिले में 01 लाख से अधिक पंजीयन प्राप्त हुए हैं। सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत अक्टूबर माह से प्रारंभ हुए खेलों का 25 दिसंबर को खरगोन जिला मुख्यालय में भव्य समापन होगा, जिसमें प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सांसद डॉ. सोलंकी ने प्रतिभागियों को निष्ठा, खेल भावना और अनुशासन की शपथ दिलाई और प्रतिभागियों को फिट रहने के लिए प्रतिदिन योग, प्राणायाम, व्यायाम और खेलकूद करने का आह्वाहन किया। इससे पूर्व सांसद डॉ. सोलंकी ने अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर शालेय विद्यार्थियों द्वारा मार्चपास्ट, राष्ट्रीय गीत और योगा डेमो की प्रस्तुति दी गई। पैरामाउंट एकेडमी कसरावद के विद्यार्थियों द्वारा 'कर हर मैदान फतह' की धुन पर मनमोहक नृत्य तथा कन्या आश्रम भीलगांव द्वारा जनजातीय नृत्य की आकषर्क प्रस्तुति दी गई। रस्सा कस्सी खेल के साथ प्रारंभ हुए विकासखंड स्तरीय खेलों के अंतर्गत आगामी चार दिवसों तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनुबाई तंवर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और अधिकारीगण उपस्थित थे।





## सांसद पाटिल की पहल से खेल महोत्सव प्रारंभ हुआ

**बड़वाह निप्र।** सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल की पहल से सांसद खेल महोत्सव मे खण्डवा लोकसभा क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में नई मिसाल कायम की जा रही है। शुक्रवार को सांदीपनी कन्या स्कुल में आयोजित सांसद खेल महोत्सव में महिलाओं की टीम ही मंचासीन थी ।यहा पर जोरदार तालियाँ, खेल प्रशंसकों की भीड़ और जीत हार से ऊपर उठी खेल भावना का आज सुंदर और यादगार प्रतियोगिता सम्पन्न हुई ।छात्राओ से लेकर मंचासीन अतिथियों व महिला शिक्षिकाओ ने खेलों के इस महाकुंभ में हिस्सा लेकर फिट इंडिया की प्रतिबद्धता दोहराई। महिलाओं ने कुर्सी दौड़ जैसे पारंपरिक खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाई, जबकि छात्राओ ने खो-खो, कबड्डी एवं ऐथिलिक्स का दबदबा रहा ।भाजपा नगर मण्डल उपाध्यक्ष व पार्षद रजनी भंडारी के नेतृत्व में महिलाए खेल महोत्सव में शामिल हुई ।सर्वप्रथम प्रवेश गेट से लेकर कार्यक्रम स्थल तक छात्राओ ने अतिथियों का पुष्पवर्षा से भव्य स्वागत किया। शिक्षिकाओ ने तिलक लगा स्वागत किया ।खेल शिक्षक डी.एस.चौहान ने स्वागत भाषण किया, साथ ही महोत्सव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुई। बिरसा मुंडा की 150 वी जयंती के उपलक्ष्य में आदिवादी, बंजारा गीतों पर छात्राओ ने शनदार प्रस्तुती देकर उपस्थित जनों को तालिया बजाने को मजबूर कर दिया ।इसके बाद अतिथियों ने खो-खो प्रतियोगिता के खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर आयोजन की शुरुआत की। मुख्य अतिथि रजनी भंडारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच एवं खेलो इंडिया अभियान से खेल संस्कृति को एक नई दिशा मिल रही है, उन्होंने आह्वान किया कि वो इसमें हिस्सा लें



और शारीरिक तथा मस्तिष्क से फिट बनें ।उन्होंने कहा महोत्सव में पुराने परंपरागत खेल भी शामिल हैं। विधानसभा अतिथि प्रभारी रवि एरन ने बताया कि सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल एवं लोकसभा कोऑर्डिनेटर जितेंद्र सुराणा की पहल पर सांसद खेल महोत्सव में महिलाओं की उपस्थिति भी सुनिश्चित की जा रही है महिला वर्ग में खेलों के प्रति जुड़ाव बढ़ाने के लिए बालिकाओं के खेल वर्ग में महिलाओं को ही अतिथि बनाया जा रहा है ।इस दौरान बीईओ रेवाराम वर्मा, बीआरसी मेवाराम बर्मन, प्राचार्य हंसा कानूडे, उप प्राचार्य निर्मल कुमार चौधरी, विशाल चौहान, अनुम अत्रे, सतविन्द्र सिंह भाटिया, शिक्षिका रितु श्री पवार, शीतल सोनी, शीमा भार्गव, माधुरी उपाध्याय, सुनीता कानूडे सहित स्टाफ मोजूद था। अतिथि महिला और शिक्षिकाओ ने खेली कुर्सी रेस -- कार्यक्रम के दौरान महिला अतिथियों ने न केवल छात्राओ के साथ खो-खो खेला, बल्कि शिक्षिकाओ के साथ कुर्सी रेस में भी भाग लिया ।पार्षद रजनी भंडारी की अगुवाई के महिलाओ ने खेली गई कुर्सी रेस स्पर्धा में रजनी भंडारी विजेता रही, वही भाजपा नगर मण्डल कार्यकारणी सदस्य आशा पंवार उपविजेता रही।

## ऋषि बनकर किसान का कपास खरीदकर फरार हुआ एजाज गिरफ्तार

**गोगावा।** फर्जी व्यापारी बनकर किसान से करीब पौने दो लाख रुपए का कपास खरीदने के बाद फरार हुए ठग को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी ने किसान को अपना नाम ऋषि बताकर, जबकि पुलिस गिरफ्त में आने के बाद आरोपी की शिनाख्त एजाज मंसूरी के रुप में हुई है। पुलिस ने 21 क्विंटल 80 किलो कपास सहित पिकअप और लोडिंग टेंपों वाहन जब्त किया है। गोगावां थाना पुलिस से मिली जानकारी अनुसार जगदीश निवासी बेहरामपुर टेमा ने शिकायती आवेदन दिया था कि करीब 10 नवंबर को एक व्यक्ति खुद को व्यापारी बताकर गांव में कपास खरीदी के लिए आया था। उसने अपना नाम ऋषि शर्मा निवासी भावसार मोहल्ला खरगोन का बताया। उसने मुझसे 8000 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से कपास उपज का सौदा किया। 15 नवंबर को ऋषि एक पिकअप व एक टेम्पो लेकर आया व उसमें मेरे घर पर रखा करीब 22 से 24 क्विंटल कपास लोड कर ले गया।उसने कहा कि उपज के रुपए तुम्हें बमनाला में काटा करने के बाद दुंगा। यह कहकर वाहन लेकर रवाना हो गया।



**देशगांव में कार से उतारकर हुआ था फरार:-** पुलिस को कि शिकायत में किसान ने बताया मुझे अपनी कार में बैठाकर ऋषि, टेमरना तक ले गया और घुघरियाखेड़ी- भीकनगांव घूमाता रहा। इसके बाद ऋषि ने कहा कि कपास की गाडियां महाराष्ट्र चली गई है। मैं तुम्हें वहीं पैसे दे दूंगा। इसके बाद हम देशगांव पहुंचे जहां ऋषि ने पेशाब करने के लिए गाड़ी रोकी। मैं गाड़ी से नीचे उतरा तो ऋषि कार को लेकर भाग गया। पुलिस जांच में ऋषि की जानकारी निकालने पर, उसकी शिनाख्त ऐजाज मंसुरी के नाम से हुई। एजाज मंसुरी के मिलने वाले संभावित स्थानों पर वाले दबिश दी, जिस पर एजाज उर्फ अरबाज पिता अय्युब निवासी कानापुर थाना बेडिया हाल मुकाम भंडारी कॉलोनी गोगावां को गिरफ्तार किया गया। एजाज की निशनदेही पर पुलिस टीम के द्वारा 21 क्विंटल 80 किलो कपास सनावद जीनिंग से और घटना में पिकअप व टेम्पो वाहन जब्त किया है।

## कसरावद में विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया



**कसरावद निप्र।** महर्षि वेद व्यास पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल कसरावद में विद्यार्थियों ने मप्र के वन विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय जैव विविधता क्विज़ प्रतियोगिता 2025 में भाग लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महर्षि वेद व्यास पब्लिक स्कूल की छात्रा कु राधिका यादव , आर्यन निलेश व्यास एवं समीर मंसूरी ने क्विज़ में भाग लिया । खरगोन जिले के वनमण्डलाधिकारी जी विजेता टीम के विद्यार्थियों को शील्ड, मेडल तथा प्रणाम पत्र देकर पुरस्कृत किया । महर्षि वेद व्यास पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के जिला स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन पर संस्था के डायरेक्टर निलेश व्यास , अकादमिक डायरेक्टर राजेश व्यास एवं संचालक एवं अधिवक्ता ब्रजेश कुमार व्यास, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री नवीन जोशी, अश्विन जोशी , समाजसेवी सुधीर सराफ , देवदत्त एक्कल, शिक्षक गण श्री रवि गुर्जर, हेमंत गांगले , भाटी मेम आदि ने बधाई दी तथा विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की ।

## जिला न्यायाधीश अखिलेश जोशी ने नेशनल लोक अदालत को लेकर की बैठक

**कसरावद निप्र।** अभिभाषक संघ कसरावद में नेशनल लोक अदालत को लेकर जिला विधिक अधिकारी एवं जिला न्यायाधीश श्री अखिलेश जोशी ने उपस्थित होकर न्यायाधीशगण एवं अधिवक्तागण तथा पक्षकारों की बैठक ली। इस अवसर पर जिला विधिक अधिकारी सुश्री प्रीति जैन, श्री चन्द्रेश मंडलोई एवं कसरावद न्यायाधीश सुश्री इतीशा संघवी एवं अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष बृजेश कुमार व्यास उपस्थित थे। अधिवक्तागण को संबोधित करते हुए श्री जोशी ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में कसरावद अभिभाषक संघ के अधिवक्ताओं द्वारा लोक अदालत को सफल बनाने हेतु भरपूर सहयोग किया जाता है। विगत नेशनल लोक अदालत में कसरावद अभिभाषक संघ एवं न्यायालय की सफलता



उपयोगी साबित हुई थी। इस नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों के बीच आपसी राजीनामा कर अधिक से अधिक प्रकरणों को लोक अदालत के माध्यम से निराकृत करवायें। नेशनल लोक अदालत में नगर पंचायत संबंधी, बैंक संबंधी, चेक अनादरण संबंधी एवं सिविल एवं फौजदारी मामलो में तथा घरेलु हिंसा मामलो में विशेष प्रयास कर समझौते कराये जाकर लोक अदालत को सफल बनाया जा सकता है। जिला विधिक साक्षरता की सचिव सुश्री जैन ने इस अवसर पर कहा कि कसरावद में प्रकरणों का निराकरण यदि लोक अदालत के माध्यम से होता है तो उक्त प्रकरणों में अपील नहीं होती है तथा पक्षकारों को त्वरित न्याय प्राप्त होता है। बैठक को न्यायाधीश सुश्री इतीशा संघवी, अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष बृजेश कुमार व्यास, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री संजीव मोयदे ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अक्षयसिंह राठौर एवं आभार सचिव सचिन बाथम ने माना।

## एसडीएम ने 32 बीएलओ को सम्मानित किया

**कसरावद।** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 184 कसरावद के 32 बीएलओ ने गणना पत्रकों के डिजिटाइजेशन का शत प्रतिशत कार्य समय सीमा से पूर्व पूरा कर लिया है, जिस उपलब्धि के लिए ईआरओ श्री सत्येंद्र बैरवा और टीम ने इन्हें सम्मानित किया। कसरावद के इन 32 बीएलओ ने कठिन परिश्रम और समर्पण से अपने-अपने मतदान केंद्र के मतदाताओं से भरे हुए गणना पत्रक प्राप्त कर उन्हें बीएलओ ऐप पर समयावधि के 8 दिन पहले ही, यानी 27 नवंबर, 2025 तक शत प्रतिशत डिजिटाइज कर लिया।



ईआरओ श्री बैरवा ने इस उपलब्धि के लिए सभी 30 बीएलओ का आभार माना और उन्हें निकटवर्ती मतदान केंद्रों के बीएलओ से अपना अनुभव सांझा करते हुए सहयोग करने को कहा। इस दौरान एईआरओ श्री मुकेश मचार, प्रभारी तहसीलदार, नायब तहसीलदार सुश्री स्नेहलता चौहान और निर्वाचन शाखा प्रभारी श्री विजय कुमार वर्मा उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत मतदाताओं से एकत्रित गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन कार्य 4 दिसंबर तक पूरा किया जाना है। विधानसभा क्षेत्र में 28 नवंबर 2025 को शाम 4 बजे की स्थिति के अनुसार 253 मतदान केंद्रों के बीएलओ द्वारा 90 प्रतिशत से अधिक डिजिटाइजेशन कार्य पूरा किया जा चुका है। इसी प्रकार ईआरओ श्री बैरवा द्वारा 28 नवंबर को विधानसभा क्षेत्र के मुलठान निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्र क्रमांक 180 के बीएलओ श्री रामेश्वर पाटीदार एवं मतदान केंद्र क्रमांक 195 के बीएलओ श्री गुरुलाल जमरे को उनके शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर मतदान केंद्र पर ही फूलमाला पहना कर बधाई दी और उनके कार्य की प्रशंसा की।

**एक नजर में** | **बीमा सखी योजना अंतर्गत 171 दीदीयां 15 हजार रुपये प्रतिमाह आय अर्जित कर रही**

# बीमा सखी योजना दीदीयों के लिए वरदान साबित हो रही हैं

**नवभारत न्यूज**

**खरगोन।** विगत वर्ष प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में एलआईसी बीमा सखी योजना का शुभारम्भ किया गया था। इस योजना में ग्रामीण आजीविका मिशन की 171 दीदीयां परीक्षा में उत्तीर्ण होकर प्रतिमाह 15 हजार रुपये तक आय कर रही हैं। 27 नवंबर को जिला पंचायत कार्यालय में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाश सिंह ने बीमा सखियों से भेंट कर योजना की जानकारी ली एवं सम्मान पत्र वितरित किए। योजना के तहत भीकनगांव तहसील के ग्राम रेहगांव निवासी श्रीमती रीना सतीश यादव द्वारा सर्वाधिक 1,77,428 रुपये की आय की है। इस अवसर पर श्रीमती वंदना राकेश पटेल, श्रीमती वैशाली पंकज तारे, श्रीमती ज्योति कैलाश रावल, श्रीमती मनीषा कालूराम कनासे एवं जिला प्रबंधक श्रीमती रीना गुप्ता उपस्थित रहीं। जिला पंचायत सीईओ श्री आकाश सिंह द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के समूह से जुड़ी 90 हजार से अधिक आय करने वाली 11 दीदीयों द्वारा इस वित्तीय वर्ष में अब तक 8 महीनों में 12,26,925 रुपये की आय कर ली है। विकास अधिकारी भारतीय जीवन बीमा निगम श्री अलकेश पाटीदार द्वारा बताया गया कि योजना के तहत प्रतिमाह 2 पॉलिसी करने पर 07 हजार रुपये मासिक वेतन एवं न्यूनतम 04 हजार रुपये कमीशन दिया जाता है। एलआईसी द्वारा बोनस एवं कई आकर्षक उपहार प्रदान किए जाते हैं। सखी को उत्कृष्ट कार्य करने पर क्लब सदस्य के रूप में पदोन्नति भी दी जाती है। योजना के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, आयु 18 से 70 वर्ष, एवं आईआरडीएआई परीक्षा में उत्तीर्ण होना आवश्यक होता है, जो बीमा निगम द्वारा करवाई जाती है। अधिक जानकारी के लिए 7000361575, 9109100173 नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।

